NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : भूगोल

Chapter : 4

Chapter Name : वायु

1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) वायुमंडल क्या है?

Answer. पृथ्वी को चारों ओर से घेरने वाली वायु की चादर को वायुमंडल कहते हैं। यह हमें साँस लेने के लिए वायु प्रदान करता है। यह हमें सूर्य की किरणों के हानिकारक प्रभाव से बचाती है।

पृथ्वी पर सभी जीव जीवित रहने के लिए वायुमंडल पर निर्भर हैं।

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

(ख) वायुमंडल का अधिकतर भाग किन दो गैसों से बना है?

Answer. वायुमंडल का अधिकतर भाग नाइट्रोजन (78%) और ऑक्सीजन (21%) से बना है।

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

aglasem.com

(ग) वायुमंडल में कौन-सी गैस हरित गृह प्रभाव पैदा करती है?

Answer. वायुमंडल में उपस्थित क्लोरो-फ्लोरो कार्बन, कार्बन-डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड आदि गैस हरित गृह प्रभाव पैदा करती हैं। हरित गृह प्रभाव से भूमंडलीय ताप वृध्दि होती है।

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

(घ) मौसम किसे कहते हैं?

Answer. वायुमंडल के प्रत्येक घंटे और दिन-प्रतिदिन की स्थिति को मौसम कहते है। मौसम विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जैसे तापमान, वायु दबाव, हवा की गति, आद्रता आदि।

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

(ङ) वर्षा के तीन प्रकार लिखें।

Answer. वर्षा के तीन प्रकार :-

- ➔ संवहनी वर्षा
- ➔ पर्वतीय वर्षा
- ➔ चक्रवाती वर्षा

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

(च) वायुदाब क्या है?

Answer. पृथ्वी की सतह पर वायु के भार द्वारा लगाया गया दाब , वायु दाब कहलाता है। पृथ्वी की सतह से ऊपर की ओर जाने पर दाब तेज़ी से गिरता है। और समुद्र की सतह पर वायु दाब अधिक होता है।

aglasem.com

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

2 सही (✅) उत्तर चिह्नित कीजिए -

(क) निम्नलिखित में कौन-सी गैस हमें सूर्य की हानिकारक किरणों से बचाती हैं?

(i) कार्बन डाइऑक्साइड (ii) नाइट्रोजन

(iii) ओज़ोन

(ख) वायुमंडल की सबसे महत्वपूर्ण परत है

(i) क्षोभमंडल (ii) बाह्य वायुमंडल (iii) मध्यमंडल

(ग) वायुमंडल की निम्न परतों में कौन-सी बादल विहीन है?

(i) क्षोभमंडल (ii) समताप मंडल (iii) मध्यमंडल

(घ) वायुमंडल की परतों में जब हम ऊपर जाते हैं , तब वायुदाब

(i) बढ़ता है (ii) घटता है (iii) समान रहता है

(ङ) जब वृष्टि तरल रूप में पृथ्वी पर आती , उसे हम कहते हैं

(i) बादल (ii) वर्षा (iii) हिम

Answer.

(क) (iii) ओज़ोन

(ख) (i) क्षोभमंडल

(ग) (ii) समताप मंडल

(घ) (ii) घटता है

(ङ) (ii) वर्षा

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

3 निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए -

(क) व्यापारिक पवनें	(i) सूर्य से आने वाली ऊर्जा
(ख) लू	(ii) मौसमी पवन
(ग) मानसून	(iii) पवन की क्षैतिज गति
(घ) पवन	(iv) ओज़ोन गैस की परत
	(v) स्थायी पवन
	(vi) स्थानीय पवन

Answer.

(क) व्यापारिक पवनें (v) स्थायी पवन

aglasem.com

(ख) लू (vi) स्थानीय पवन

(ग) मानसून (ii) मौसमी पवन

(घ) पवन (iii) पवन की क्षैतिज गति

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

4 कारण बताइए -

(क) आर्द्र दिन में गीले कपड़े सूखने में अधिक समय लेते हैं।

Answer.आर्द्र दिनों में वायु में जलवाष्प की मात्रा अत्यधिक होती है। चूंकि हवा में पहले से ही नमी अधिक होती है अतः दिन में गीले कपड़े सूखने में अधिक समय लगता है।

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

(ख) भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर आतपन की मात्रा घटती जाती है।

Answer. सूर्य से जिस प्रकार सौर मंडल के अनुसार ध्रुवों की दूरी बढ़ती जाती है तो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की और जाने पर आतपन की मात्रा घटती जाती है क्योंकि दूरी बढ़ने के साथ गर्मी कम हो जाती है।

Page : 27 , Block Name : अभ्यास

5. आओ खेलें |

(क) दिए गए चार्ट की मदद से वर्ग पहेली समस्या को हल करें:

नोट : वर्ग पहेली के उत्तर अँग्रेज़ी के शब्दों में है |

aglasem.com



aglasem.com

बाएँ से दाएँ	ऊपर से नीचे

6. एक भारतीय पेड़ जो 24 घंटे ऑक्सीजन प्रदान करने का असाधारण गुण रखता है।	1. जल वाष्प की वायु में मात्रा।
8. वायुमण्डल में मौजूद एक गैस, जो केवल 0.03 प्रतिशत में पाई जाती है।	2. वातावरण में धूल कण के चारों ओर जलवाष्प का संघनन।
11. वायुमंडल की सबसे बाहरी परत।	3. उत्तर भारत में ग्रीष्म ऋतु में बहने वाली स्थानीय पवन का एक उदाहरण।
12. बहुत सारी गैसों का मिश्रण।	4. वायुमंडल में छोटे अंतराल के लिए बदलाव।
14. जीवित रखने वाली गैस	5. वर्षण का तरल रूप।
15. गतिशील वायु।	7. पृथ्वी के चारों ओर वायु की चादर।
16. एक भारतीय पेड़, जिसका औषधीय गुणों के लिए महत्त्व है।	9. वायु दाब को मापने का यंत्र।
18. हानिकारक सूर्य किरणों से हमारी रक्षा करने वाली गैस।	10. सूर्य से आने वाली ऊर्जा।
19. निम्न दाब क्षेत्र	13. शीत में दृश्यता को कम करता है।
	17. जब सूर्य हमारे सिर के ऊपर होता है, वह समय।

Answer -

बाएँ से दाएँ -

6. Peepal

8. Carbon Dioxide

11. Exosphere

12. Air

14. Oxygen

15. Wine

16. Meem

18. Ozone

19. Cyclone

aglasem.com

ऊपर से नीचे -

1 Humidity

2. Cloud

3. Loo

4. Weather

5. Rain

7. Atmosphere

9. Barometre

10. Insolation

13. Fog

17. Noon

Page : 28 , Block Name : आओ खेलें

(ख) एक सप्ताह का मौसम कैलेंडर बनाएँ। विभिन्न प्रकार के मौसम को दिखाने के लिए चित्रों या संकेतों का उपयोग करें। यदि मौसम में बदलाव आता है, तो आप एक दिन में एक से अधिक संकेतों का उपयोग कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, वर्षा रुकने पर सूर्य बाहर निकलता है। एक उदाहरण नीचे दिया गया है:

दिन	मौसम
1.	धूप वाला दिन
2.	
3.	
4.	
5.	
6.	
7.	

aglasem.com

Answer -

दिन	मौसम
	धूप वाला दिन
	बादल वाला दिन
	बारिश वाला दिन
	धूप के साथ बादल छाए रहेंगे
	मुख्य रूप से धूप रहेगी

aglasem.com

Page : 29 , Block Name : आओ खेलें